67

बड़े होकर ज़्या बनोगे?

मत्ती 20:17-28; मरकुस 10:32-45; लूका 18:31-34, एक निकट दृष्टि

अपने वयस्क जीवन के अधिकतर भाग में मेरे पिता डेव एच. रोपर एक शिक्षक ही रहे हैं: एक व्यावसायिक कृषि शिक्षक, एक विज्ञान शिक्षक और प्रिंसिपल के रूप में उन्होंने कार्य किया है। परन्तु साथ ही वह एक बुक स्टोर के मालिक, किसान, मिशनरी और प्रचारक भी रहे हैं। आज, 88 वर्ष की आयु में वह समाचार-पत्रों के लिए हास्य/पदों पर स्तम्भ लिखते हैं। परिवार के सदस्य मज़ाक में कहते हैं कि उनके जीवन की कहानी का शीर्षक ''बड़ा होकर मैं क्या बनूंगा?'' होना चाहिए।

किसी बच्चे से पूछें, ''बड़े होकर क्या बनोगे?'' तो उसका उत्तर शायद यही होगा कि वह ''शिक्षक,'' ''अन्तरिक्ष यात्री,'' ''बैले नर्तक,'' ''डॉक्टर,'' ''नर्स'' बनेगा।[1] मैं आपसे यह प्रश्न पूछना चाहता हूं, ''बड़े होकर *आप* क्या बनेंगे?'' नहीं, मैं आपके शारीरिक तौर पर बड़ा होने की बात नहीं कर रहा हूं। वैसे तो आप ने अब तक कोई न कोई व्यवसाय चुन ही लिया होगा, पर मेरे मन में आपके *आत्मिक रूप पर* बड़ा होने के लिए योजनाएं हैं।[2] आपकी आत्मिक महत्वाकांक्षाएं क्या हैं? आप राज्य में क्या चाहते हैं?

एक दिन, यीशु ने इस विषय पर अपने चेलों के साथ गम्भीर चर्चा की थी। हमें इस पर विचार करना है कि इस बारे में उन्हें क्या कहना था।

दो चेले
(मत्ती 20:17-23; मरकुस 10:32-40; लूका 18:31-34)

प्रभु अपनी मृत्यु के मार्ग पर था। उसने अपने आस-पास अपने चेलों को इकट्ठा किया और कहा:

> फिर उस ने बारहों को साथ लेकर उन से कहा; देखो, हम यरूशलेम को जाते हैं, और जितनी बातें मनुष्य के पुत्र के लिए भविष्यवक्ताओं के द्वारा लिखी गई हैं, वे सब पूरी होंगी। क्योंकि वह अन्य जातियों के हाथ में सौंपा जाएगा और वे उसे ठट्ठों में उड़ाएंगे; और उसका अपमान करेंगे, और उस पर थूकेंगे। और उसे कोड़े मारेंगे, और घात करेंगे, और वह तीसरे दिन जी उठेगा (लूका 18:31-33)।

लूका 18:34क के अनुसार, ''उन्होंने इन बातों में से कोई बात न समझी।'' उन्हें इसलिए समझ नहीं आई, क्योंकि उनका विचार था कि मसीह यरूशलेम में एक सांसारिक राज्य स्थापित करने के लिए जा रहा है (देखें लूका 19:11)। क्रूस की बात उनकी योजनाओं से मेल नहीं खाती थी।

अपना स्वार्थ

उनकी ना समझी की हद शीघ्र ही दिखाई दी: ''तब जब्दी के पुत्र याकूब और यूहन्ना ने उसके पास आकर कहा, हे गुरु, हम चाहते हैं, कि जो कुछ हम तुझ से मांगें, वही तू हमारे लिए करे'' (मरकुस 10:35)। यानी याकूब और यूहन्ना मसीह से यह कहलाना चाहते थे कि ''जो चाहो मैं तुम्हें दे दूंगा।'' आप की भी यह इच्छा हो सकती है कि बिन मांगे कोई आपकी सहायता कर दे।[3]

> विनती: ''डेव, क्या तुम मेरे लिए एक काम कर सकते हो?''
> *सतर्क उत्तर: ''बोलो ... क्या है?''*

यीशु ने दोनों से पूछा, ''तुम क्या चाहते हो कि मैं तुम्हारे लिए करूं?'' (मरकुस 10:36)। वह जानता था कि वे क्या चाहते हैं, पर चाहता था कि उनके स्वार्थ का पता चले (यूहन्ना 6:6 से तुलना करें)। उन्होंने उत्तर दिया, ''हमें यह दे, कि तेरी महिमा में [यानी ''तेरे राज्य में'' (मत्ती 20:21)] हम में से एक तेरे दाहिने और दूसरा तेरे बाएं बैठे'' (मरकुस 10:37)।

इसके थोड़ी देर पहले, मसीह ने प्रेरितों से प्रतिज्ञा की थी कि वे उसके राज्य में बारह सिंहासनों पर बैठेंगे (मत्ती 19:28)।[4] अब याकूब और यूहन्ना ने उन सिंहासनों के प्रमुख स्थानों पर बैठने की इच्छा जताई। उन्होंने यह मान लिया कि बारह सिंहासनों में सबसे महत्वपूर्ण स्थान यीशु के दाएं हाथ ही होगा, और दूसरा सबसे महत्वपूर्ण उसके बाईं ओर।[5] अमेरिका में हम कह सकते हैं कि उनमें से एक सेक्रेटरी ऑफ़ और दूसरा सेक्रेटरी ऑफ़ ट्रियरी बनना चाहता था।[6] इंग्लैंड में हम इस रूपक को प्रधानमन्त्री और चान्सलर में बदल सकते हैं।[7]

हम पक्का नहीं जानते कि उन्होंने यह विनती क्यों की या उन्होंने यह क्यों सोचा कि यीशु उन्हें सम्मान दे। हो सकता है, उन्हें लगा हो कि वे उन पदों को पाने के लिए सबसे योग्य हैं: उनका परिवार और धन (मरकुस 1:20), और उनका सम्बन्ध महायाजक के साथ था (यूहन्ना 18:15)। हो सकता है कि उनके ध्यान में यह बात हो कि वे प्रभु के ''सब से निकट'' तीन में से हैं (मत्ती 17:1)। यह भी हो सकता है कि वे यीशु के रिश्ते में भाई थे और उन्हें लगा कि वह उनका पक्ष लेगा। कारण जो भी हों, वे मुकुट पाने की बात सोच रहे थे, जबकि मसीह के ध्यान में क्रूस था।

डेल हार्टमैन ने अपनी जवानी की एक घटना से चेलों की ज़िद को समझाया। बान्ध

की मरम्मत के लिए एक तालाब को सुखाना था। डेल ने सुन रखा था कि तालाब में बास मछलियां हैं, सो उसने और एक मित्र ने इसे सुखाने से पहले जाल डालने का फैसला किया: वे दोनों ओर से एक बड़ा जाल पकड़कर तालाब के दूसरी ओर ले जाने लगे। जाल भारी हो गया, इतना भारी कि डेल से खींचा नहीं जा रहा था। मछलियां ऊपर तक भर गईं! दूसरी ओर पहुंचने और जाल को पानी से उठाने पर उन्होंने पाया कि कुछ ही मछलियां उसमें थीं; परन्तु अधिकतर उसमें छोटे-छोटे कछुए थे, जो गहरे तालाब में वापस जाने की कोशिश से तैर रहे थे। डेल ने निष्कर्ष निकाला, ''क्रूस की ओर बढ़ते हुए यीशु के चारों ओर बारह कछुए थे, जो सभी अलग-अलग दिशा में जाने का प्रयास कर रहे थे।''[8]

यीशु के साथ याकूब और यूहन्ना की माता शलोमी भी जा रही थी (मत्ती 20:20; देखें मत्ती 27:55, 56; मरकुस 15:40, 41)। वह अपने बेटों को लेकर यीशु के पास आई और विनती करने लगी, ''यह कह, कि मेरे ये दो पुत्र तेरे राज्य में एक तेरे दाहिने और एक तेरे बाएं बैठे'' (मत्ती 20:21)।[9]

मुझे श्रीमती जब्दी की भावना को समझने में कोई कठिनाई नहीं है। मेरी भी मां है, जिसके दो बेटे हैं और अपने लड़कों की सहायता के लिए वह लगभग हर वैध और नैतिक काम करने को तैयार होगी। मैं अमेरिका के राष्ट्रपति के पास जाकर उसे यह कहने की कल्पना कर सकता हूं, ''राष्ट्रपति महोदय, कृपया आप मेरा एक काम कर दें। देखिए न, मेरे दो बेटे हैं, दोनों बड़े होनहार हैं, और मैं चाहती हूं कि आप इन्हें ... ।''

मसीह ने शलोमी को डांटा नहीं। उसे अपने बेटों पर गर्व था और वह उनके लिए अच्छे से अच्छा चाहती थी। उसे समझ नहीं थी कि राज्य सांसारिक नहीं, बल्कि आत्मिक है, पर उसकी भावना समझी जा सकती है।[10] परन्तु उसके पुत्र तो समझते थे। उन्हें तीन वर्ष तक दिन और रात यीशु की बातें सुनने का अवसर मिला था। उन्हें राज्य की बात समझ आ जानी *चाहिए* थी। इसी लिए प्रभु ने याकूब और यूहन्ना को डांटा (देखें मत्ती 20:22; मरकुस 10:38)।[11]

अपना इनकार करना

मसीह ने पहले उनसे कहा, ''तुम नहीं जानते, कि क्या मांगते हो'' (मरकुस 10:38क)। इससे वे चकित हो गए होंगे। निश्चय ही उन्होंने सोचा था कि उन्हें पता है कि वे क्या मांग रहे हैं: वे शक्ति और अधिकार मांग रहे थे। वे प्रतिष्ठा और शान मांग रहे थे। वे आदर और सम्मान मांग रहे थे।

यदि यीशु की बात से उन्हें हैरानगी हुई, तो उन्हें इसके बाद पूछे जाने वाले प्रश्न से दोहरी हैरानी हुई होगी: ''जो कटोरा मैं पीने पर हूं, क्या पी सकते हो? और जो बपतिस्मा मैं लेने पर हूं, क्या ले सकते हो?'' (मरकुस 10:38ख)। ''कटोरा'' अति आनन्द (भजन संहिता 23:5) और विनाशकारी कष्ट[12] (यशायाह 51:17) दोनों के लिए पुराने नियम का एक प्रतीक था परन्तु यहां मसीह के दुख के लिए है। ''बपतिस्मा'' शब्द का अर्थ ''डुबकी'' है और इसका इस्तेमाल अभिभूत होने के रूपक के रूप में किया जा सकता

है।[13] यीशु के कष्ट का अत्यधिक होना और उसके साथ, उसके शब्दों में क्रूस भी था। मसीह ने कटोरा और दुख के बपतिस्मे के लिए वर्तमानकाल का इस्तेमाल किया: ''मैं पीने ... बपतिस्मा मैं लेने पर हूं।'' आने वाले समय के बारे में पूरा ज्ञान होने के कारण, वह पहले ही पीड़ा से भरा हुआ था (देखें लूका 12:50)।

याकूब और यूहन्ना ने सोचा होगा कि प्रभु रोमी सेना के साथ किसी काल्पनिक सैनिक झगड़े को सहने की बात कर रहा था[14]–और उन्होंने अपने आप में साहस की कमी पर विचार नहीं किया था।[15] अज्ञानता में आत्मविश्वास के साथ उन्होंने कह दिया, ''हम से हो सकता है'' (मरकुस 10:39क)।[16]

उत्तर देते हुए यीशु के स्वर में झुनझुनी होगी, ''जो कटोरा मैं पीने पर हूं, तुम पीओगे; और जो बपतिस्मा मैं लेने पर हूं, उसे लोगे'' (मरकुस 10:39ख)। मसीह जानता था कि इन दो लोगों को क्या देना है: याकूब ने 44 ईस्वी में हेरोदेस अग्रिप्पा के हाथों मरना था (प्रेरितों 12:2) और यूहन्ना को पतमुस के टापू में निर्वासन मिलना था (प्रकाशितवाक्य 1:9)।

फिर यीशु ने विशेष रूप से उनकी विनती की बात की: ''... अपने दाहिने बाएं किसी को बिठाना मेरा काम नहीं, पर जिन के लिए मेरे पिता की ओर से तैयार किया गया, उन्हीं के लिए है'' (मत्ती 20:23)। मसीह के कहने का अर्थ हो सकता है कि ऐसे सम्मान परमेश्वर के विशेषाधिकार थे, जिन्हें वह पृथ्वी पर आने के समय छोड़ आया था (देखें फिलिप्पियों 2:6, 7)।[17] दूसरी ओर, संदर्भ से संकेत मिलता है कि ज़ोर इस तथ्य पर नहीं है कि सम्मान की जगह देने का फैसला परमेश्वर करेगा, बल्कि इस बात पर है कि परमेश्वर ने सम्मान के वे स्थान पहले से विशेष तरह के लोगों के लिए तैयार कर दिए हैं–विशेष रूप से, उनके लिए, जो दूसरों की सेवा करते हैं (मत्ती 20:26, 27)।[18] परन्तु हम कहानी से आगे निकल आए हैं।

बारह चेले (मत्ती 20:24-28; मरकुस 10:41-45)

अपना ध्यान

याकूब और यूहन्ना ने चाहा होगा कि उनकी बातचीत उनके और प्रभु के बीच में ही रहे, पर कहते हैं कि दीवारों के भी कान होते हैं। दूसरे प्रेरितों को जब इस बात का पता चला कि याकूब और यूहन्ना ने क्या किया है, तो वे ''उन दोनों भाइयों पर क्रुद्ध हुए'' (मत्ती 20:24)। बारहों में पहले ही यह झगड़ा चल रहा था कि राज्य में सबसे बड़ा कौन होगा (देखें मरकुस 9:34; मत्ती 18:1; लूका 22:24)।

अपना इनकार

यीशु ने चेलों को अपने पास बुलाकर कहा, ''तुम जानते हो, कि अन्यजातियों के हाकिम उन पर प्रभुता करते हैं; और जो बड़े हैं, वे उन पर अधिकार जताते हैं'' (मत्ती

20:25)। संसार में ऐसे ही चलता है। सांसारिक संगठन ऊपर से अर्थात मुखिया से आरम्भ करके नीचे से सबसे नीचे तक जाते हुए अधिकार का डाटा बनाते हैं। स्पष्टतया, समाज के महत्वपूर्ण लोगों के पास अधिकार होता है। यीशु के समय में, सम्राट की अपनी सेना थी, रोमी राज्यपाल की अपनी अदालत थी, शाही लोगों के अपने दास थे। आज संसार लोगों का महत्व इस बात से तय करता है कि वे कितने लोगों के लिए या कितने लोग उनके अधीन काम करते हैं। मसीह ने अपने चेलों को बताया, ''तुम में ऐसा न होगा'' (मत्ती 20:26क)।

जब मसीह ने कहा, ''तुम में ऐसा न होगा'' तो वह यह नहीं कह रहा था कि राज्य/कलीसिया की आवश्यकता नहीं है या हमें आत्मिक अगुआई की आवश्यकता नहीं है। बिना अगुआई के कोई भी संगठन प्रभावशाली ढंग से काम नहीं कर सकता।[19] हर कलीसिया को योग्य ऐल्डरों की आवश्यकता होती है (तीतुस 1:5)। मसीह तो यह कह रहा था कि राज्य/कलीसिया का संगठन संसार के संगठनों के अनुसार नहीं था।[20] इसके अलावा वह यह भी कह रहा था कि आत्मिक अगुआ होने की प्रेरणा शारीरिक अगुआ होने से नाटकीय ढंग से अलग है। उसने कहा, ''जो कोई तुम में बड़ा होना चाहे, वह तुम्हारा *सेवक* बने'' (मत्ती 20:26ख)।

हो सकता है कि हम यीशु की शिक्षाओं से इतना परिचित हों कि हमारे कानों को ''सेवक'' शब्द इतना कठोर न लगता हो। हमने इस शब्द को महकाकर इसे चमकदार रंग देने का प्रबन्ध कर लिया है, ताकि इसे गर्व से पहना जा सके: ''वह प्रभु का बहुत बड़ा सेवक है।'' नये नियम के समय में लोगों को पता था कि ''सेवक'' होने के लिए क्या आवश्यक है: एक सेवक गन्दा काम करता था, जिसे कोई दूसरा करना पसन्द नहीं करता था, उस सेवक को सराहा नहीं जाता था। सेवक को कोई प्रशंसा नहीं मिलती थी, उसके काम के लिए जो करना उसका कर्त्तव्य था, कोई उसे धन्यवाद नहीं देता था (लूका 17:10)। तौ भी मसीह ने कहा कि ''जो कोई तुम में बड़ा होना चाहे, वह तुम्हारा सेवक बने।''

यीशु की शिक्षा क्रांतिकारी से कहीं कम नहीं थी। संसार सेवा कराने पर ज़ोर देता है, जबकि प्रभु ने दूसरों की सेवा करने वालों को ऊंचा उठाया। यह तो ''संसार के मापदण्डों के बिल्कुल ही विपरीत'' था।[21] मसीह ''जीवन में मूल्यों का एक बिल्कुल नया ढंग'' ले आया।[22] वह चाहता है कि हम दूसरों को अपने से ''अच्छा'' समझें (फिलिप्पियों 2:3)।

अपने चेलों को और स्पष्ट करने के लिए यीशु ने कहा, ''और जो तुम में प्रधान होना चाहे, वह तुम्हारा दास बने'' (मत्ती 20:27)। आयत 26 में, मसीह ने ''सेवक'' के लिए (*diakonos*) शब्द का इस्तेमाल किया था; अब उसने ''दास'' के लिए (*doulos*) शब्द का इस्तेमाल किया। सेवक होना तो बुरा था ही परन्तु दास होना उससे भी बुरा। दास मालिक की एक सम्पत्ति होता था! दास को किसी प्रकार का कोई अधिकार नहीं होता था! (परमेश्वर के दास होने के विचार को हम बड़ी कठिनाई से समझ सकते हैं; पर दूसरे लोगों के दास होने पर रोमांचित होना कठिन है।[23])

यीशु की प्रेरितों के लिए इसकी प्रासंगिकता यह थी कि ''यदि तुम 'पहले' बनना

चाहते हो, तो पहले होने पर लड़ाई करना बन्द करो। सम्मान की जगह पूछना बन्द करो। इसके बजाय, एक-दूसरे की और दूसरों की सेवा करना शुरू करो।'' उसकी बातें हमारे लिए भी प्रासंगिक हैं: ''हर समय अपने बारे में और यह सोचना बन्द करो कि तुम्हें क्या चाहिए। दूसरों की आवश्यकताओं के लिए अपनी आंखें खोलो और उनकी सहायता करना शुरू करो।''

एक तरुण लड़की ने नि:स्वार्थ पर एक पाठ सुनकर एक कार्ड लिखा, ''पर अपना इनकार करना *मानवीय* नहीं है!''[24] वह सही थी। अपना इनकार करना मानवीय काम नहीं है; यह तो ईश्वरीय काम है। यीशु ने अपने चेलों से और हम से ऐसा कुछ करने के लिए नहीं कहा, जो उसने स्वयं नहीं किया। उसने आगे कहा, ''जैसे कि मनुष्य का पुत्र,[25] वह इसलिए नहीं आया कि उसकी सेवा टहल की जाए, परन्तु इसलिए आया कि आप सेवा टहल करे'' (मत्ती 20:28क; देखें लूका 22:27)। प्रभु को सेवा कराने का ईश्वरीय अधिकार था, पर उसने सेवा करने का ईश्वरीय निर्णय लिया।[26] बाद में पतरस ने मसीह के जीवन को इन शब्दों के साथ संक्षिप्त किया: ''वह भलाई करता, ... फिरा'' (प्रेरितों 10:38)। उसका मन लोगों की आवश्यकताओं को देखकर पिघल जाता था। वह सहायता के लिए तैयार रहता था। वह कभी इतना नहीं थका था, कभी इतना व्यस्त या इतना काम में नहीं लगा होता था कि लोगों को इनकार कर दे। वह सेवा के लिए हर समय तैयार रहता था।[27]

यीशु ने फिर सेवा के अपने सबसे बड़े काम, दूसरों के लिए अपना बलिदान देने की बात की: ''और बहुतों की छुड़ौती के लिए अपने प्राण दे'' (मत्ती 20:28ख)। एक से अधिक बार मसीह ने बताया कि वह पृथ्वी पर क्यों आया था: ''मैं धर्मियों को नहीं, परन्तु पापियों को मन फिराने के लिए बुलाने आया हूं'' (लूका 5:32; देखें मत्ती 9:13); ''क्योंकि मनुष्य का पुत्र खोए हुओं को ढूंढ़ने और उन का उद्धार करने आया है'' (लूका 19:10)। मत्ती 20:28 में उद्देश्य कथन में उसने बताया कि उसने वह उद्देश्य *कैसे* पूरा करना था: वह आया कि ''*सेवा टहल करे, और* बहुतों की *छुड़ौती के लिए अपने प्राण दे।*''

अपहरण के सम्बन्ध में ''छुड़ौती'' शब्द आम तौर पर सुना जाता है: ''छुड़ौती'' अपहृत व्यक्ति को छुड़ाने से पहले अपहरणकर्त्ताओं को दी जाने वाली कीमत होती है। अनुवादित शब्द ''छुड़ौती'' (*lutron*) में ऐसी ही अवधारणा है, इसमें अर्थ उससे व्यापक है। सप्तति अनुवाद में,[28] इस शब्द का इस्तेमाल किसी दास की स्वतन्त्रता खरीदने के लिए चुकाई जाने वाली राशि के सम्बन्ध में, बन्धक या युद्धबंदी या ऐसे किसी को छुड़ाने की आवश्यक कीमत के सम्बन्ध में किया जाता था।[29] *lutron* के मूल अर्थ को हम ''कीमत लेकर छोड़ना'' के रूप में संक्षिप्त कर सकते हैं।[30]

नये नियम में इस शब्द का इस्तेमाल विशेष तौर पर पाप के दोष से हमें छुड़ाने के लिए चुकाई गई कीमत के सम्बन्ध में हुआ है। *lutron* केवल मत्ती 20:28 और मरकुस 10:45 में मिलता है, परन्तु छुटकारे पर अन्य पदों में[31] इससे सम्बन्धित शब्द इस्तेमाल किए जाते हैं, जिसमें एक है, ''क्योंकि ... परमेश्वर और मनुष्यों के बीच में एक ही बिचवई है अर्थात मसीह यीशु जो मनुष्य है। जिसने अपने आपको सबके छुटकारे के दाम में दे दिया।''[32]

लोगों ने यह ध्यान दिलाकर कि मत्ती 20:28 ''*बहुतों* के छुटकारे'' की बात कहता है, जबकि 1 तीमुथियुस 2:6 ''*सबके* छुटकारे'' की, मत्ती 20:28 को उलझाने की कोशिश की है, परन्तु मत्ती 20:28 में ''बहुतों'' शब्द '' 'सब' यहूदियों के लिए है।''[33] पुन: लोगों ने बहस की है कि छुड़ौती परमेश्वर को दी गई थी या शैतान को। ऐसा अनुमान वचन के क्षेत्र से बाहर है। जब हम कहते हैं कि ''स्वतन्त्रता का दाम अनन्त चौकसी है,''[34] तो हम यह नहीं पूछते कि कीमत किसे चुकाई गई है।

मत्ती 20:28 केवल इस महान सच्चाई को बताता है कि मनुष्य को परमेश्वर के पास वापस लाने के लिए यीशु मसीह की मृत्यु की कीमत चुकानी पड़ी।[35] पतरस ने इसे इस प्रकार कहा है, ''... तुम्हारा छुटकारा[36] चांदी सोने अर्थात नाशवान वस्तुओं के द्वारा नहीं हुआ, पर निर्दोष और निष्कलंक मेमने अर्थात मसीह के बहुमूल्य लोहू के द्वारा हुआ'' (1 पतरस 1:18, 19)। पौलुस ने लिखा है, ''क्योंकि दाम देकर मोल लिए गए हो, इसलिए अपनी देह के द्वारा परमेश्वर की महिमा करो'' (1 कुरिन्थियों 6:20)।

यीशु ने कहा था कि, पहला होने के लिए सेवक होना आवश्यक है। वह स्वयं सबसे पहले है, क्योंकि उसने *सबसे बड़ी* सेवा की। मसीह हमारे पापों के लिए मर गया (1 कुरिन्थियों 15:3)!

सभी चेले

अपना स्वार्थ

समाप्त करने से पहले, यीशु के पाठों को अपने ऊपर लागू करने के लिए कुछ और समय देते हैं। काश! मैं कह सकता कि राज्य/कलीसिया की स्थापना के समय पृथ्वी से मसीह के चेलों में शारीरिक अभिलाषा सदा के लिए खत्म हो गई है। दुर्भाग्य से, ''हम में से अधिकतर लोग'' पृथ्वी पर अपनी इस यात्रा के दौरान बीत रहे संसार की सांसारिक हवा में इतना सांस ले रहे हैं ... कि संक्रमित होने से बचना कठिन है।''[37] समाज का नारा ''सबसे ऊपर वाला ढूंढ़ो'' रहता है।[38] अपने ऊपर ध्यान देना कलीसियाओं को संक्रमित कर सकता है: मण्डलियां कई बार सफलता और आकार के चक्र में फंसकर भूल जाती हैं कि मसीहियत का सार सेवा है। अपना ध्यान व्यक्तिगत तौर पर मसीहियत के रूप में हमें संक्रमित कर सकता है: बड़ी से बड़ी मण्डलियों में प्रचार करने की होड़ अक्सर खतरनाक होती है। लोग उस शक्ति के लिए ऐल्डर की पदवी पाने का लोभ करते हैं, जिससे उन्हें लगता है कि वे शक्तिशाली हो जाएंगे। हम में से अधिकतर लोग (अगर हम इसे मानने को तैयार हों) दुखी होते हैं, जब हमें हमारे किसी भलाई के काम के लिए पहचान या प्रशंसा नहीं मिलती। हम ''सेवक'' शब्द की चापलूसी करते हैं, परन्तु वास्तव में हम सेवक की उस स्थिति में नहीं आना चाहते और निश्चय ही ''दास'' तो कदापि नहीं बनना चाहते।

अपना इनकार करना

यीशु आज भी कहता है, ''जो कोई तुम में बड़ा होना चाहे, वह तुम्हारा सेवक बने; और जो तुम में प्रधान होना चाहे, वह तुम्हारा दास बने'' (मत्ती 20:26, 27)। दास होना उसके जो सिंहासनों के लिए स्थान की विनती करने के समय याकूब और यूहन्ना के मन में था, बिल्कुल विपरीत है। मेरा विश्वास है कि मत्ती 20:26, 27 कह रहा है कि सम्मान की ऐसी स्थितियां उन लोगों के लिए सुरक्षित रखी गई हैं, जो नि:स्वार्थ और बलिदानपूर्वक सेवा करते हैं। मसीह के दाएं और बाएं सिंहासन याकूब और यूहन्ना या पतरस और पौलुस जैसे बाइबल के महान पात्रों को नहीं, बल्कि उन विनम्र पवित्र लोगों को मिलेंगे, जिन्होंने अपने जीवन बिना किसी प्रशंसा या पहचान के सेवा करते हुए गुमनामी में बिता दिए।

सारांश

बड़े होकर हम क्या बनने वाले *हैं*? पहला प्रश्न यह है कि ''क्या हम आत्मिक तौर पर 'बड़े' होने की *कोशिश* कर रहे हैं?'' कुछ तो आत्मिक रूप से बच्चे ही बने रहकर सन्तुष्ट लगते हैं (इब्रानियों 5:12-14)। दूसरा प्रश्न है, ''क्या आपने *सेवक* बनना अपना लक्ष्य बनाया है?'' हम में से हर एक के लिए यीशु की तरह सेवक बनने अर्थात उसके जैसा बनने (फिलिप्पियों 2:5), ''उसके पद चिह्नों पर'' चलने (1 पतरस 2:21), और ''उसके स्वरूप में होने'' (रोमियों 8:29) की चुनौती है। परमेश्वर हम सब की ''सब बातों में उस में जो सिर है, अर्थात मसीह में बढ़ने'' में सहायता करे (इफिसियों 4:15)![39]

नोट्स

इस प्रवचन के लिए वैकल्पिक शीर्षक ''सेवकों की अत्यधिक आवश्यकता,'' ''प्रभु की सबसे कठिन आज्ञाओं में से एक,'' ''आपके आत्मिक लक्ष्य क्या हैं?'' हो सकते हैं। थोड़े से अलग ढंग के लिए, आप ''महानता पाने का ढंग'' पर प्रचार के लिए इन वचनों का इस्तेमाल कर सकते हैं। स्टुअर्ट ब्रिसको ने आत्मिक महानता के लिए तीन dओं का सुझाव दिया है: (1) आपको *diakonos* (सेवक) होना आवश्यक है; (2) आपको *doulos* (दास) होना आवश्यक है; (3) आपको *donor* (दानी; यीशु ने अपना जीवन दिया) होना आवश्यक है।[40] रिचर्ड रोजर्स ने तीन s सुझाएं हैं: serving (सेवा करना), slavery (दासता) और sacrifice (बलिदान)।[41] सेवक होने पर किसी प्रवचन के लिए चार्ल्स स्विंडॉल की पुस्तक *इम्प्रूव योर सर्व* एक अच्छा स्रोत है।[42] आप उस पुस्तक का शीर्षक भी अपने प्रवचन के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

ये वचन ''अपने बच्चों के लिए आप क्या चाहते हैं?'' पर प्रचार करने के लिए भी इस्तेमाल किए जा सकते हैं। शलोमी को पता नहीं था कि वह क्या मांग रही है। उसे समझ नहीं थी कि वह अपने बेटों के लिए पीड़ा और मृत्यु मांग रही है। अपने बच्चों के लिए देखे जाने वाले स्वप्नों के प्रति सतर्क रहें।

इन आयतों पर प्रचार करने के लिए एक और ढंग ''कई बार गलती को सामने लाना

आवश्यक होता है'' होगा। हम में से बहुतों को नकारात्मक होना अच्छा नहीं लगता, परन्तु गलती सामने लाई जानी आवश्यक है। मत्ती 20 में यीशु ने (1) राजा और उसके मिशन के बारे में (आयतें 17-19), (2) राज्य और इसकी प्रकृति के बारे में (आयतें 20-23) और (3) राज्य के लोग होने और उसकी महानता के बारे में (आयतें 24-28) गलती को सामने लाया था।[43]

टिप्पणियां

[1]अपने क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार इसे बदल लें। अपनी तैयारी के भाग के रूप में आपको चाहिए कि कई बच्चों से पूछें कि बड़े होकर उनकी क्या बनने की योजना है। [2]नया नियम आत्मिक विकास की आवश्यकता पर ज़ोर देता है (इफिसियों 4:15; 1 पतरस 2:2; 3:18)। आत्मिक रूप से ''बड़ा'' होने की स्थिति को ''सियाना'' कहा गया है (देखें 1 कुरिन्थियों 14:20; इफिसियों 4:13)। [3]अधिकतर बच्चे कम से कम एक बार अपने माता-पिता पर यह आज़माते हैं। आप इस घटना के व्यक्तिगत अनुभव दे सकते हैं। [4]''जब आपके मन में सवाल हों'' पाठ में मत्ती 19:28 पर संक्षिप्त चर्चा देखें। [5]यदि यीशु उन्हें वह दे *देता* जो उन्होंने मांगा था, तो वे शीघ्र ही इस बात पर झगड़ रहे होते कि अधिक महत्वपूर्ण गद्दी पर कौन बैठेगा। [6]जेम्स बर्टन कॉफ़मैन, *कमैन्ट्री ऑन द गॉस्पल ऑफ़ मैथ्यू* (ऑस्टिन, टैक्सस: फर्म फाउंडेशन पब्लिशिंग हाउस, 1975), 217. सबसे पहले इस रूपक का इस्तेमाल मैंने 1950 के दशक में जे. डब्ल्यू. रॉबर्ट्स से सुना था। [7]जेम्स बर्टन कॉफ़मैन, *कमैन्ट्री ऑन द गॉस्पल ऑफ़ मैथ्यू* (ऑस्टिन, टैक्सस: फर्म फाउंडेशन पब्लिशिंग हाउस, 1968), 312. इस रूपक का इस्तेमाल अपने देश के दो सबसे महत्वपूर्ण राजनैतिक पदों के लिए करें। [8]डेल हार्टमैन, ईस्टसाइड चर्च ऑफ़ क्राइस्ट, मिडवैस्ट, ओक्लाहोमा, 2000 में दिया गया संदेश। [9]हम घटनाओं के सही क्रम के बारे में नहीं जानते कि पहले लड़कों ने पूछा था या उनकी मां ने। यह भी हो सकता है कि याकूब और यूहन्ना ने अपनी मां *के माध्यम* से पूछा हो। [10]वह और अन्य स्त्रियां मसीह और प्रेरितों की आवश्यक वस्तुएं लाते हुए गलील में यीशु के साथ सफ़र करती थीं (मरकुस 15:40, 41), पर यह कभी-कभी होता होगा। उसे यीशु को सुनने का अवसर ऐसे नहीं मिलता होगा जैसे उसके लड़कों को; उसे उनकी तरह विशेष व्यक्तिगत शिक्षा नहीं मिली थी।

[11]यह भी ध्यान दें कि दूसरे प्रेरित जब्दी की पत्नी से नहीं, बल्कि उसके पुत्रों से नाराज़ हुए थे (मत्ती 20:24; मरकुस 10:41)। [12]यदि आपकी क्लास के लिए उपयुक्त हो, तो आप ''*परमेश्वर के हाथ* अत्यधिक आनन्द और विनाशकारी दुख'' वाक्य को जोड़ सकते हैं। यीशु ने क्रूस पर मरकर, पाप का *हमारा* दण्ड अपने ऊपर ले लिया। उस कष्ट का चरम तब हुआ जब हमारे पापों के कारण वह परमेश्वर से अलग हो गया। [13]यीशु ने पहले लूका 12:50 में इस रूपक का इस्तेमाल किया था। पानी में डूबे होने की पुराने नियम के रूपक के साथ समानता बन सकती है (ईश्वरीय दण्ड का हवाला; देखें भजन संहिता 42:7; 69:15; 124:4)। [14]यहूदियों का विचार था कि मसीहा का पहला काम अपना राज्य स्थापित करके घृणित रोमियों को हराना होगा। [15]आखिर वे ''गर्जन के पुत्र'' थे (मरकुस 3:17)। तौ भी जैसा कि हम देखेंगे, खतरे के पहले चिह्न को देखकर, वे दूसरे सभी प्रेरितों के साथ भाग गए। [16]हमें मत्ती 26:33, 35 में पतरस की हाज़िर जवाबी याद दिलाई जाती है। [17]यीशु द्वारा त्यागे गए ईश्वरीय विशेषाधिकार के एक उदाहरण के रूप में, देखें मरकुस 13:32. [18]एक और सम्भावना यह है कि यीशु उनकी अर्थात दो डाकुओं की बात कर रहा था, जो कटोरा पीने के समय उसके दायें और बायें दुखों का बपतिस्मा लेते हुए होने थे। [19]आप भौतिक संसार से उदाहरण देकर इसे समझा सकते हैं। [20]साम्प्रदायिक कलीसियाओं के प्रबन्ध में संसार के संगठनों की तरह शक्तियां दी होती हैं: एक सांसारिक मुखिया जिसके नीचे कई अधिकारी होते हैं। ऐसा संगठन वचन से बाहर है।

[21]विलियम बार्कले, द *गॉस्पल ऑफ़ मैथ्यू,* अंक 2, संशो. संस्क., द डेली स्टडी बाइबल सीरीज़ (फिलाडेल्फिया: वैस्टमिंस्टर प्रैस, 1975), 232. [22]वहीं. [23]परमेश्वर का दास होने के सम्बन्ध में, देखें 1 कुरिन्थियों 7:22; मनुष्यों का दास होने के सम्बन्ध में, देखें 1 कुरिन्थियों 9:19. [24]एलिसन मार्टिन, ''बट, डिनाइंग सैल्फ़ इज़ नॉट ह्यूमन!'' *पावर फ़ॉर टुडे* (अप्रैल–जून 2001): 42. [25]टीकाकार आम तौर पर ध्यान दिलाते हैं कि मत्ती 20:28 में यीशु ने मसीहा से जुड़ी पुराने नियम की दो महान अवधारणाओं को जोड़ा: दानिय्येल 7 की शब्दावली ''मनुष्य का पुत्र'' और यशायाह 52; 53 के दुख दास का विचार। [26]यह वाक्य डी. स्टुअर्ट ब्रिस्को, *एक्सपोज़िटरी नग्गेट्स फ्रॉम द गॉस्पल्स* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक्स, 1994), 141. [27]आप यीशु के जीवन की सेवा के उदाहरण दे सकते हैं। [28]सप्तति अनुवाद पुराने नियम के यूनानी अनुवाद को कहा जाता है। [29]उदाहरण के लिए, ''छुड़ौती'' का इस्तेमाल किसी बैल द्वारा किसी को मार देने पर व्यक्ति को छुड़ाने के लिए धन (निर्गमन 21:29, 30), पहलौठे को छुड़ाने के लिए चुकाई कीमत (गिनती 18:15) और किसी गुलाम रिश्तेदार को खरीदने के लिए इस्तेमाल धन (लैव्यव्यवस्था 25:51, 52) के लिए (निर्गमन 30:12) होता था। [30]देखें ज्योफरी डब्ल्यू. ब्रोमिले, *थियोलॉजिकल डिक्शनरी ऑफ़ द न्यू टैस्टामेंट,* abr. (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस, पब्लिशिंग कं., 1985), 545.

[31]शब्द के रूप रोमियों 3:24, इफिसियों 1:7 और इब्रानियों 9:12 में मिलते हैं। [32]मत्ती 20:28 और 1 तीमुथियुस 2:6 में समानताएं हैं: मत्ती 20:28 *lutron anti* (''की जगह छुड़ौती''), दो शब्दों का इस्तेमाल करता है, जबकि 1 तीमुथियुस 2:6 मिश्रित शब्द *antilutron* का इस्तेमाल करता है। [33]जैक पी. लूईस, द *गॉस्पल अकॉर्डिंग टू मैथ्यू, पार्ट 1,* द लिविंग वर्ड कमैन्ट्री सीरीज़, सं. एवरट फ्रग्यूसन (अबिलेन, टैक्सस: एसीयू प्रैस, 1976), 81. [34]यह प्रसिद्ध कहावत स्पष्टतया डब्लिन, आयरलैंड में, 10 जुलाई 1790 में दिए गए जॉन फिलपौट करैन के भाषण पर आधारित है। [35]बार्कले, 235. [36]यूनानी शब्द का अनुवाद ''छुटकारा'' *ल्यूट्रोन* के शब्द परिवार से ही है। [37]जूस्ट डे ब्लैंक, *अनकम्फर्टेबल वर्ड्स* (लंदन: लौंगमैंस, ग्रीन एण्ड कं., 1958), 54. [38]''सबसे ऊपर'' अभिव्यक्ति अपने लिए इस्तेमाल होती है। [39]यदि आप इस प्रस्तुति का इस्तेमाल प्रवचन के रूप में करते हैं, तो आप मसीही लोगों को प्रोत्साहित कर सकते हैं, जो किसी को प्रार्थना करने के लिए कहने के लिए बड़े नहीं हुए हैं (याकूब 5:16)। किसी को भी शामिल करने के लिए जिसे उत्तर देने की आवश्यकता हो, जिसमें वे भी हो सकते हैं, जिन्हें बपतिस्मा लेने की आवश्यकता है आप इस निमन्त्रण को विस्तार दे सकते हैं (मरकुस 16:15, 16; प्रेरितों 2:38)। [40]ब्रिस्को, 141.

[41]रिचर्ड रोजर्स, *बिहोल्ड योर किंग (बुक ऑफ़ मैथ्यू)* (लब्बॉक, टैक्सस: सनसैट स्टडी सीरीज़, पृष्ठ नहीं), 26. [42]चार्ल्स आर. स्विंडॉल, *इम्प्रूविंग योर सर्व: द आर्ट ऑफ़ अनसैल्फिश लिविंग* (वाको, टैक्सस: वर्ड बुक्स, 1981)। ''इम्प्रूविंग योर सर्व'' वाक्यांश का इस्तेमाल टैनिस के खेल के सम्बन्ध में किया जाता है; इसे विरोधी की ओर टैनिस बॉल हिट (''सर्व'') करने वाले के ढंग में सुधार के लिए कहा जाता है। [43]यह विचार एल्गर फिच, *प्रीचिंग क्राइस्ट* (जोप्लिन, मिज़ोरी: कॉलेज प्रैस, 1992), 113 से लिया गया था।